Printed from
नवभारत टाइम्स
Navbharat Times - Breaking news, views. reviews, cricket from across India

परी चौक से हरिद्वार का नॉनस्टॉप सफर जल्द

27 Dec 2010, 0400 hrs IST

एक संवाददाता ।। ग्रेटर नोएडा

ग्रेनो के परी चौक से कोटा सनोटा तक बनने वाले एक्सप्रेस-वे के लिए ग्रेटर नोएडा अथॉरिटी के अफसरों ने कवायद शुरू कर दी है। इस क्रम में अथॉरिटी के अफसरों ने रविवार को परी चौक से लेकर कोटा सनोटा तक उन जगहों का जायजा लिया जहां से इस एक्सप्रेस-वे निर्माण किया जाएगा। इस एक्सप्रेस-वे के बनते ही लोग परी चौक से हरिद्वार का नॉन स्टॉप सफर तय कर पाएंगे।

ग्रेटर नोएडा अथॉरिटी के डीसीईओ पी.सी. गुप्ता के मुताबिक करीब 16 मीटर लंबे और 105 मीटर चौड़े इस सड़क का निर्माण कोटा सनोटा तक किया जाएगा। इसके बाद इस सड़क को कोटा सनोटा से हरिद्वार तक के लिए बनाए जा रहे एक्सप्रेस-वे से मिलाया जाएगा। पी.सी. गुप्ता के अनुसार ग्रेटर नोएडा से कोटा सनोटा तक बनने वाले रोड में किसी तरह की दिक्कत न आए इसके लिए उन्होंने अथॉरिटी की टीम के साथ उन जगहों का जायजा लिया, जहां-जहां से रोड को बनाया जाना है। इस दौरान टीम ने कई पहलुओं पर ध्यान दिया। जैसे जहां रोड बनाया जाएगा उस रास्ते में आबादी तो नहीं आ रही है, इस रोड के बीच में कहां-कहां नाले व नहर आ रहे हैं।

पी.सी गुप्ता ने बताया कि पूरे ट्रैक का मुआयना करने के बाद इंजीनियरिंग व प्लानिंग विभाग के साथ मीटिंग की जाएगी। इस रोड पर कई जगह पहले से काम शुरू है। परीचौक से बोडाकी तक रोड बनकर तैयार है। बोडाकी के पास रेलवे क्रॉसिंग पर आरओबी व जीटी रोड तक रोड का निर्माण प्राइवेट बिल्डर से कराया जाएगा। इससे आगे कोटा सनोटा तक का काम अथॉरिटी करेगी।

इस आर्टिकल को फेसबुक पर शेयर करें।
इस आर्टिकल को ट्वीट करें।

देश-दुनिया की खबरें विडियो में। देखने के लिए क्लिक करें।

About Us | Advertise with Us | Terms of Use | Privacy Policy | Feedback | Sitemap
Copyright © 2010 Bennett Coleman & Co. Ltd. All rights reserved. For reprint rights: Times Syndication Service
This site is best viewed with Internet Explorer 6.0 or higher; Firefox 2.0 or higher at a minimum screen resolution of 1024x768